विधान परिषद के द्वितीय सत्र 2023 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित डा0 मान सिंह यादव मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–32 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 32 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि नगर विकास विभाग द्वारा जनपद–कानपुर नगर में बड़ा चौराहे से जनपद–उन्नाव के गांधी नगर चौराहे तक इलेक्ट्रानिक बसों का संचालन किया जा रहा है ? | जी, हॉ। |
| (ख) क्या जनपद–उन्नाव में उक्त बसों को गांधी नगर चौराहे से हटाकर शेखपुर तिराहे से संचालन किया जा रहा है, जिससे बसों में सवारियों की भारी कमी हो गयी है ? | जी हाँ।<br>पूर्व में बसें कोतवाली तिराहे से संचालित हो रही थी, किन्तु जिला पुलिस प्रशासन के निर्देशानुसार वर्तमान में जनपद उन्नाव के आदर्श नगर (नायरा पेट्रोल पम्प) से बसों का संचालन किया जा रहा है, जो गॉधीनगर तिराहे से शुक्लागंज की ओर 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। यहॉ से बसों के संचालन के फलस्वरूप यात्रियों की संख्या में कुछ कमी परिलक्षित हुई है। |
| (ग) यदि हॉ, तो उक्त बसों को शेखपुर तिराहे की जगह गांधी नगर तिराहे से कुछ बसों को बड़ा चौराहे तथा कुछ बसों को घंटाघर तक चलायेंगे, जिससे नगर के अन्दर से ई–रिक्शा वालों के अराजकता से लोगो को निजात मिल सके ? | शेखपुर तिराहे से बसों का संचालन नही किया जा रहा है। जिला पुलिस प्रशासन के निर्देशानुसार आदर्श नगर (नायरा पेट्रोल पम्प) से संचालन किया जा रहा है। बसें अहिरवॉ डिपो से घण्टाघर, बड़ा चौराहा होते हुए उन्नाव जाती है। डिपो आते समय बसें बड़ा चौराहा से घण्टाघर होते हुए संचालित होती है। |
| (घ) यदि हॉ, तो कब तक ? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ड.) यदि नहीं, तो क्यों ? | उपर्युक्तानुसार। |

ए. के. शर्मा
मंत्री
नगर विकास विभाग।

Scanned with OKEN Scanner